दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

पत्रांक : 2673/वि0अ0 / 2024 दिनांक 29.04.2024

सेवा में,

निदेशक शोध एवं विकास प्रकोष्ठ,
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर

विषय :– पी–एच0डी0 प्रोग्राम के शुल्क विश्वविद्यालय में जमा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र दिनांक 22.02.2024 द्वारा प्रेषित निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ के सदस्यों की एक सम्पन्न हुई बैठक दिनांक 22.02.2024 की कार्यवृत्त उपलब्ध कराते हुए यह अवगत कराया गया था कि उक्त बैठक में विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चूकि पी–एच0डी0 प्रोग्राम विश्वविद्यालय का प्रोग्राम है और महाविद्यालय के शिक्षक शोधार्थियों के शोध निर्देशक है इसलिए समस्त पी–एच0डी0 प्रोग्राम के शुल्क विश्वविद्यालय में ही जमा किये जाने की संस्तुति की गयी है।

उक्त प्रस्ताव को वित्त समिति की बैठक दिनांक 24.02.2024 के विन्दु संख्या – 12(2) को विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था जिसे मा0 वित्त समिति ने यथावत् स्वीकार किये जाने की संस्तुति की तथा जिसका अनुमोदन मा0 कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 06.03.2024 में कर दिया गया है। कृपया तद्नुसार अवगत होने का कष्ट करें।

भवदीय,

वित्त अधिकारी

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुलसचिव, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
2. सचिव कुलपति, कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. प्रभारी लेखानुभाग।

वित्त अधिकारी

CamScanner